an>

Title: Need to restart operation of container depot in Meerut, Uttar Pradesh to boost business activities in cities.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): उपाध्यक्ष महोदय, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मेरठ उद्योग एवं व्यापार का प्रमुख केन्द्र है। आधारभूत ढांचा ध्वस्त होने के बावजूद यहां के उद्यमी बिना किसी सरकारी संरक्षण अथवा प्रोत्साहन के केवल अपने पुरुषार्थ के बल पर प्रत्येक वर्ष लगभग 500 करोड़ के माल का निर्यात करते हैं। निर्यात किये जाने वाले इन सामानों में खेल उद्योग, कालीन उद्योग, खाद्य पदार्थ, हस्तशिल्प, इंजीनियरिंग, गुड्स, स्टील आदि से जुड़े उत्पाद रहते हैं। वर्तमान में मेरठ में 76 निर्यात इकाइयां हैं, जिन्हें अपने माल भेजने के लिए दादरी स्थित आई.सी.डी. (Inland Container Depot) जाना पड़ता है। इसमें निर्यातकों पर भारी खर्च आता है। वर्ष 2005 तक मेरठ में कंटेनर डिपो था, जो अब बंद पड़ा है।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि 2005 से बंद पड़े कंटेनर डिपो को फिर से चालू करवाया जाए, ताकि मेरठ तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के निर्यातकों की कठिनाइयां कुछ मात्रा में कम हो सकें।